# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## अंतर्राष्ट्रीय छात्र स्वास्थ्य बीमा योजना (ISHIP) के लिए मैं कैसे साइन अप करूँ?

कक्षाओं में पंजीकरण करते समय आप ISHIP में साइन अप करेंगे। आपको **केवल छात्र/तिमाही कवरेज के लिए** स्वतः साइन अप कर दिया जाता है। आप वार्षिक कवरेज चुन सकते हैं या उस समय अपने कवरेज में पति/पत्नी या आश्रितों को जोड़ सकते हैं।

**ध्यान दें:** अपने ISHIP प्लान में परिवर्तन करने के लिए आपके पास **प्रत्येक तिमाही के तीसरे शुक्रवार** तक का समय होता है।

## ISHIP कवर कितना होता है?

इन-नेटवर्क क्लीनिक में आपके द्वारा तिमाही कटौती योग्य $100 का भुगतान करने के बाद, अधिकांश सेवाओं को 75% पर कवर किया जाता है। कैंपस क्लीनिक में आपकी जांच की जाने पर आप 75% पर कवर होते हैं (तिमाही कटौती योग्य राशि माफ हो जाती है)।

## मुझे कब कवर किया जाता है?

| तिमाही | कवरेज की अवधि |
|---|---|
| शरद ऋतु | 1 सितंबर – 5 जनवरी |
| शीत ऋतु | 6 जनवरी – 29 मार्च |
| वसंत ऋतु | 30 मार्च – 21 जून |
| ग्रीष्म ऋतु | 22 जून – 31 अगस्त |
| वार्षिक | तिमाही खरीद – 31 अगस्त |

## डॉक्टर से मिलने के लिए मुझे कहाँ जाना है?

सर्वश्रेष्ठ स्तर का कवरेज प्राप्त करने के लिए एक इन-नेटवर्क क्लीनिक में जाएं। आप अपने क्षेत्र के इन-नेटवर्क क्लीनिक को LifeWise की निम्न वेबसाइट पर खोज सकते हैं। https://student.lifewiseac.com/uw/ship

हम आपको विजिट करने से पहले यह पुष्टि करने के लिए क्लीनिक या प्रदाता को कॉल करने की भी सिफारिश करते हैं कि वे Lifewise के साथ एक इन-नेटवर्क प्रदाता हैं या नहीं।

## ISHIP की कितनी लागत है?

2019-2020 शैक्षिक वर्ष के लिए ISHIP प्रीमियम **प्रति तिमाही $385** है। वार्षिक कवरेज की लागत की गणना तिमाही प्रीमियम गुणित कवरेज की तिमाहियों की कुल संख्या के मान के अनुसार की जाती है।

## ISHIP पूरी तरह से किन सेवाओं को कवर करता है?

**ISHIP निवारक सेवाएं पूरी तरह से कवर करता है,** जैसे शारीरिक/वार्षिक जाँच, और **इन-नेटवर्क क्लीनिक** में HPV, MMR, फ्लू, हेपेटाइटिस A/B, मस्तिष्क ज्वर, और TdaP जैसे बहुत से टीके।

## क्या ISHIP दांतों की देखभाल को कवर करता है?

हाँ। आपके द्वारा वार्षिक कटौती योग्य $25 का भुगतान करने के बाद, ISHIP **प्रति प्लान वर्ष $1500** तक की नियमित जाँच, सफाई, स्वास्थ्यकर देखभाल, तथा अक्ल दांत निकालने को कवर करता है।

## क्या ISHIP दृष्टि संबंधी देखभाल को कवर करता है?

हाँ। ISHIP प्रति प्लान वर्ष $150 तक की एक नियमित नेत्र जाँच को कवर करता है। दृष्टि हार्डवेयर (फ्रेम या कॉन्टेक्ट) को भी प्रति प्लान वर्ष $150 तक कवर किया जाता है।

## यदि मैं गैर-नेटवर्क के डॉक्टर से मिलता हूँ तो क्या मैं कवर होता हूँ?

हाँ। आपके द्वारा कटौती योग्य तिमाही $100 का भुगतान करने के बाद अधिकांश सेवाएं 60% कवर होती हैं। हालांकि, हम छात्रों को यथासंभव इन-नेटवर्क प्रदाताओं के पास जाने की सलाह देते हैं।

## क्या ISHIP आपातकालीन कक्ष की विजिट को कवर करता है?

हाँ। आपके द्वारा अपने $100 कोपेमेंट तथा तिमाही कटौती योग्य $100 का भुगतान करने के बाद ISHIP 75% पर कवर करती है।
**नोट:** आपातकालीन कक्ष में केवल **जीवन या मृत्यु की स्थितियों** में जाएं। नियमित स्वास्थ्य समस्याओं के लिए, इन-नेटवर्क तत्काल देखभाल या कैंपस क्लीनिक में जाएं।

## क्या मैं ISHIP की जरूरत को छोड़ सकता हूँ?

यदि आप नीचे लिंक में रेखांकित श्रेणियों में से किसी एक के लिए फिट होते हैं, तो आप छूट के लिए पात्र हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जाएं:
**iss.washington.edu/health-insurance**

## मैं एक बीमा कार्ड कैसे प्राप्त करूँ?

आपका कवरेज शुरू होने के **2-3 सप्ताह** के बाद बीमा कार्ड आपको डाक द्वारा भेजा जाता है।

यदि आपका कार्ड खो जाता है या आपको प्राप्त नहीं हुआ है, तो ISHIP कार्यालय से **stdins@uw.edu** पर संपर्क करें अथवा अपने **Lifewise पोर्टल अकाउंट** से नए कार्ड का अनुरोध करें।

## दवाई के लिए मुझे कितना भुगतान करना है?

इन-नेटवर्क फार्मेसी में दवाई खरीदते समय आपको निम्न का भुगतान करना होगा:

निवारक दवाइयों के लिए $0
जेनेरिक दवाइयों के लिए $20
ब्रांड नाम वाली दवाइयों के लिए $30
गैर-फॉर्मूला वाली दवाइयों के लिए $45
विशिष्ट दवाइयों के लिए 50% (अधिकतम $150 तक)

## मेरी डॉक्टर के पास विजिट के बाद क्या होता है?

आप डाक में अपनी कार्यालय की विजिट तथा ISHIP द्वारा कवर की जाने वाली चीजों के विवरण वाला **लाभों का स्पष्टीकरण प्राप्त करेंगे।** फिर आप डॉक्टरों के कार्यालय से किसी राशि का जिसके लिए आप जिम्मेदार हैं एक **अलग बिल** प्राप्त करेंगे (आमतौर से डाक द्वारा) तथा फिर आप भुगतान करने के लिए बिल पर दिए गए निर्देशों का पालन कर सकते हैं।

## मैं कहाँ ISHIP के तहत अपने सभी लाभों की सूची पा सकता हूँ?

आप LifeWise वेबसाइट पर स्थित 2019-2020 लाभ की पुस्तिका में अपने लाभों की पूरी सूची पा सकते हैं।

### क्या मुझे शारीरिक चिकित्सा, काइरोप्रैक्टिक, और ऐक्यूपंक्चर देखभाल के लिए कवरेज प्राप्त है?

हाँ! आप **प्रति प्लान वर्ष अधिकतम 25 शारीरिक चिकित्सा विजिट कर करते हैं।**

काइरोप्रैक्टिक देखभाल **प्रति प्लान वर्ष 10 विजिट तक सीमित है।**

ऐक्यूपंक्चर देखभाल **प्रति प्लान वर्ष 12 विजिट तक सीमित है।**

### क्या ISHIP मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को कवर करता है?

हाँ! आपको इन-नेटवर्क व्यक्तिगत तथा समूह चिकित्सा विजिट के लिए 10% का सह-भुगतान करना होगा। इन-नेटवर्क विजिट के लिए कोई कटौती योग्य राशि नहीं होती।

प्रत्येक UW कैंपस में परामर्श केन्द्र भी हैं जो अल्पकालिक **निःशुल्क** परामर्श प्रदान करते हैं।

### शब्दावली

**सह-भुगतान** सामान्यतः आपके द्वारा सेवा प्राप्त करने पर कवर की गई सेवाओं के लिए भुगतान की जाने वाली एक निश्चित राशि होती है।

**कटौती योग्य राशि वह राशि** है जिसका भुगतान आपके बीमा द्वारा भुगतान शुरू करने से पहले आपको स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं को करना होता है।

**नेटवर्क प्रदाता एक ऐसा** स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता होता है जिसका रियायती दर पर देखभाल प्रदान करने के लिए Lifewise अश्योरेंस कंपनी के साथ एक अनुबंध होता है।

**प्रीमियम वह** राशि होती है जिसका भुगतान आप अपने मेडीकल कवरेज के लिए करते हैं।


**लाभों का स्पष्टीकरण दर्शाता है कि** बीमा कंपनी द्वारा किन चिकित्सा सेवाओं के लिए भुगतान किया गया है।

**लाभों का स्पष्टीकरण** दर्शाता है कि कौन सी चिकित्सा सेवाएं बीमा कंपनी द्वारा प्रदत्त थीं।

## क्या और प्रश्न हैं?

ISHIP कार्यालय हॉल हेल्थ सेंटर (187B) के अंतर्गत हेल्थ प्रमोशन कार्यालय में स्थित है। जब आप हॉल हेल्थ में प्रवेश करते हैं, तो दायीं ओर यह पहला कार्यालय है।

हमें **stdins@uw.edu** पर ईमेल करें या **206-543-6202** पर कॉल करें।




**Google Maps पर हॉल हेल्थ सेंटर के दिशा-निर्देश हेतु:**

मुझे स्कैन करें

इंटरनेशनल स्टूडेंट हेल्थ इंश्योरेंस प्लान (ISHIP)

# वाशिंगटन विश्वविद्यालय

2019 - 2020

व्यवस्थापक

LifeWise Assurance Company

httpwww.iship.washington.edu

**LifeWise पोर्टल:**

https://student.lifewiseac.com/uw/ship